卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 306 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦13 अगस्त 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मोदी ने देश में खड़ा किया देश भक्ति का ज्वार: शाह

अहमदाबाद( उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में 'तिरंगा यात्रा' को हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद रहे। विशाल तिरंगा रैली के दौरान देशभक्ति और राष्ट्रवाद का जोश देखने को मिला। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने 'आजादी का अमृत महोत्सव वर्ष को एक बहुत अच्छे भाव से देश की जनता के सामने रखा है। उन्होंने कहा कि हमें आजादी मिली, इसके पीछे लाखों करोड़ों लोगों ने 90 साल तक अविरत



संघर्ष किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। कई लोग युद्ध के मैदान में हंसते-हंसते तोप के गोले के सामने खड़े होकर अपनी जान दे दी। शाह ने कहा कि भगत सिंह जैसे लोग इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते हुए फांसी के मंच पर चढ़ गए। वहीं, 17 साल का खुदीराम बोस, जिसकी जिंदगी की अभी शुरुआत हुई थी, फांसी के मंच पर चढ़ गया और कहा कि मैं फिर से आऊंगा और आपके सामने फिर से लटकूंगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। हम देश के लिए मर नहीं सकते, क्योंकि देश पहले ही आजाद हो चुका है, लेकिन हमें देश के लिए जीने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश के अंदर देशभक्ति का ज्वार खड़ा करने का काम (शेष पृष्ठ सात पर)

## सुपरस्टार रजनीकांत ने बद्रीनाथ में की पूजा अर्चना

चमोली (उद संवाददाता)। सुपरस्टार रजनीकांत ने बदरीनाथ धाम के दर्शन किए। उन्होंने धाम के सायंकाल के दर्शन कर आरती में भी हिस्सा लिया। करीब



पंद्रह मिनट तक वह धाम की पूजाओं में शामिल रहे और रात्रि प्रवास बद्रीनाथ में ही किया। शनिवार को फिल्म अभिनेता रजनीकांत कार से बदरीनाथ धाम पहुंचे। बदरीनाथ हाईवे जगह-जगह अवरुद्ध होने के कारण वे शाम को साढ़े पांच बजे धाम में पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले धाम के दर्शन किए। सिंहद्वार पर प्रशंसकों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई। रजनीकांत ने बदरीनाथ के सौंदर्य को करीब से निहारा। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें (शेष पृष्ठ सात पर)

## पड़ोसी युवक ने नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

रूद्रपुर(उद सवांददाता)। एक युवक द्वारा अपने पड़ोस में पिता की गैर मौजूदगी में अकेले रहने वाली नाबालिक लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसे गर्भवती बनाए जाने का मामला सामने आया है। लड़की के परिजनों को जब यह जानकारी मिली तो उन्होंने चौकी जाकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लेकिन पुलिस मामले को दबाने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार किच्छा मार्ग स्थित मौहल्ले में रहने वाला एक युवक अपने पड़ोस में रहने वाली नाबालिग लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ पिछले कई दिनों से कुकर्म कर रहा था। लड़की की मां की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है और उसका पिता मजदूरी का कार्य करता है। लड़की घर में अकेली रहती थी इसका फायदा उठाकर पड़ोस में रहने वाला युवक उसके साथ कुकर्म करता रहा और लड़की को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी देता था। इसी दौरान लड़की गर्भवती हो गई। लड़की की तबियत बिगड़ने पर जब पिता ने उसने उपचार कराया तो उसे नाबालिक लड़की के गर्भवती होने की जानकारी लगी। यह जानकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने लड़की से विस्तार से सारी बात पूछी तो लड़की ने सब कुछ पिता को बताया। पूरा मामला सामने आने पर वह कुछ लोगों के साथ रम्पुरा पुलिस चौकी पहुंचा और आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। लेकिन पुलिस युवक के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय मामले को रफा-दफा करने में जुटी हुई है। बताया जाता(शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस ने निकाली तिरंगा बाईक रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत पुलिस पुलिसअधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस कार्यालय में झंडा दिखाकर किया गया। तिरंगा झंडा रैली के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। तिरंगा झंडा यात्रा पुलिस कार्यालय से प्रारंभ होकर मेन दोनों ओर स्थानीय जनता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर यात्रा में शामिल सभी लोगों का उत्साहवर्धन किया गया।





प्रशासन द्वारा तिरंगा बाईक रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिलाधिकारी उदयराज सिंह व वरिष्ठ में पुलिस प्रशासन के अधिकारी, सीएमओ, यूडीएन, रुद्रपुर सिडकुल एसोसिएशन के पदाधिकारी व पुलिस रोड से होते हुए डीडी चौक, गाबा चौक, इंद्रा चौक होते हुए गांधी पार्क में तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। यात्रा मार्ग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थानीय नागरिकों व जिलाधिकारी का सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया गया।

## नशे के इंजेक्शनों के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नशे के एक सौदागर को गिरफ्तार किया है जिससे नशे के 14 इंजेक्शन बरामद किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार किच्छा पुलिस को नौकरी ने सूचना दी थी कि नशे



के कारोबार में लिफ्त एक युवक नशे के इंजेक्शनों को बाजार में बेचने की फिराक में है पुलिस ने सूचना पर कार्यवाही करते हुए राजेंद्र सिंह ठकराल उर्फ राजा पुत्र प्रीतम सिंह निवासी सेंट पीटर स्कूल गली को गिरफ्तार कर उससे नशे के 14 इंजेक्शन बरामद किए। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुलिस ने सीएसपी ग्राहक सेवा केंद्र में हजारों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 62000 की



नकदी भी बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार विगत दिवस गुरुद्वारा मार्ग पर हरियान कांपलेक्स से अज्ञात चोरों ने ताले तोड़कर भारतीय स्टेट बैंक ग्राहक सेवा केंद्र से गल्ले से हजारों की नकदी चुरा ली थी। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक शक्ति फार्म निवासी ममता पंत पत्नी मुकेश पंत ने पुलिस को प्रार्थना पत्र सौंपकर खुलासे की मांग की। थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव ने चोरी के खुलासे (शेष पृष्ठ सात पर)

## पांच लाख और बुलेट नहीं मिलने पर विवाहिता को किया बेघर

काशीपुर(उद संवाददाता)। दहेज में पांच लाख रूपयों की नगदी तथा बुलेट मोटरसाइकिल ना मिलने पर लोभी ससुरालयों ने एक और विवाहिता को मारपीट कर घर से बेघर कर दिया। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के उक्त मामले में तहरीर के आधार पर काउंसलिंग के बाद पति सास ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर न्यू आवास विकास निवासी प्रियंका पुत्री ओमप्रकाश ने बताया कि वर्ष 2022 की 14 दिसंबर को उसका विवाह पटेल नगर इंद्रेश हॉस्पिटल के सामने देहरादून निवासी हंसराज धीमान के पुत्र जसवंत धीमान के साथ हिंदू रीति रिवाज से धूमधाम से संपन्न हुआ। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते इसके बाद ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति जसवंत, ससुर हंसराज, सास आशारानी, कमल राज व कुलवंत राज पुत्रगण हंसराज धीमान ने आपस में एक राय होकर पांच लाख रुपयों नगदी तथा बुलेट मोटरसाइकिल के लिए बुरी तरह प्रताड़ित करना शुरू किया। घर की मान मर्यादा बचाने को लेकर शुरू शुरू में (शेष पृष्ठ सात पर)

## मनमर्जी से सड़क खोदने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जारी आदेश में कहा कि वर्तमान में भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने हेतु अनेकों बड़ी योजनाओं / ध्वजवाहक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। आम जनमानस के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में शासन निरन्तर प्रसासरत है। इन विकास कार्यों के सम्पादन के दौरान अनेकों स्थानों पर पूर्व से निर्मित / हाल में ही निर्मित अनेकों संरचनाओं को बड़ी ही जल्दी खुदाई द्वारा तोड़ दिया जाता है। सड़कों के किनारे एवं कहीं-कहीं सड़कों



के मध्य भाग से ही अंडरग्राउण्ड सीवर वाटर, केविल लाईनें, गैस पाईप लाईन, दूर संचार से सम्बन्धित केविल लाईनों को बिछाने हेतु सड़कों के किनारे या सड़को पर ट्रंच पिट बनाया जाता है एवं बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्य योजना के तहत ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जाता है एवं कहीं-कहीं सड़के हाल या साल के 6 माह में ही निर्मित / सुदृढ़ीकरण की जाती हैं। ऐसी स्थिति में पुन: उन सड़कों को बनाया जाना सीधे तौर पर शासकीय धन का अपव्यय ही माना जायेगा। यदि विभाग आपसी तालमेल एवं समन्वय से यह सुनिश्चित कर लें कि आगामी साल भर में या 6 महिने में सम्बन्धितों द्वारा सड़क पर उपरोक्तानुसार अंडर ग्राउण्ड कार्य किये जाने हैं, तो स्थानीय प्राधिकारी यथा लोक निर्माण(शेष पृष्ठ सात पर)

## डीएम ने फसलों की क्षति का आंकलन करने के दिए निर्देश

रूद्रपुर।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में वर्षा से खरीफ सीजन की फसलों में क्षति होने की सम्भावना को देखते हुए ऐसी परिस्थिति में क्षेत्र की सघन निगरानी एवं अधिक वर्षा होने के कारण से फसल क्षति का ऑकलन किये जाने हेतु सम्बन्धित तहसील के तहसीलदार (शेष पृष्ठ सात पर)



**उठाला / रस्म पगड़ी**

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूजनीय पिता जी (ताऊ जी) **श्री रोशन लाल पपनेजा जी** का निधन दिनांक 02/08/2023 को हो गया है उनकी आत्मिक शांति हेतु **उठाला / रस्म पगड़ी दिनांक 14/08/2023 दिन सोमवार** को दोपहर 2 से 3बजे तक स्थान-**ग्रांड हैरीटेज रिसोर्ट, रुद्रपुर रोड, किच्छा** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

सुरेश पपनेजा, योगेश चंद्र पपनेजा, सतीश पपनेजा, सुरेन्द्र पपनेजा नरेन्द्र पपनेजा, राजेन्द्र पपनेजा, विशाल पपनेजा (भतीजे)

चन्द्रकान्ता (पत्नी)
भूपेन्द्र पपनेजा 'बंटी पपनेजा' (पुत्र)
पूजा-आशीष बत्रा (पुत्री-दामाद)
बिन्दू-राजकुमार मुंजाल (पुत्री-दामाद)
इंदू-मोहित डावर (पुत्री-दामाद), सोनम (पुत्री)

संमर्क सूत्र:- 9927266000

# मामूली बात पर युवक की हत्या के मामले में तीन भाई बहन गिरफ्तार

## प्रीत विहार में घर में बंधक बनाकर की थी युवक की हत्या

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रीत विहार में शुक्रवार देर शाम मामूली बात पर युवक की बेरहमी से पीटकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाई बहनों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर दिया है। बता दें शुक्रवार देर शाम प्रीत विहार में प्रकाश नाम के युवक की घर में खींचकर बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। मामले में मृतक की बहन काजल चौहान पत्नी विजय निवासी नई बस्ती खानपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। दर्ज रिपोर्ट में काजल चौळान ने कहा कि उसका सगा भाई प्रकाश पुत्र स्व० गौरव चौहान निवासी प्रीत विहार कालोनी बरादरी रोड गली नं0.05 रूद्रपुर में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे प्रकाश से संजीव, राजीव, प्रदीप पुत्रगण नन्हे लाल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई कुछ समय बाद उक्त तीनों भाईयो ने अपने परिवार के लोग बहन काजल, सपना पुत्रीगण नन्हे लाल को बुला लिया। उक्त सभी लोग प्रकाश को मोहल्ले के शनि मन्दिर से खीचकर अपने घर में ले गये और कमरे में बन्द करके उसको जान से मारने की नियत से चाकु और तलवार से जान लेवा हमला कर दिया। जब आस पास के लोगों ने चीखने की आवाज सुनी तो लोगो ने प्रकाश को बचाने के लिए दरवाजा खटखटाया तो अभियुक्तगण घर से भाग गये। प्रकाश लहुलुहान अवस्था में खून से लथपथ पड़ा था। आस पास के लोगों द्वारा प्रकाश को जिला अस्पताल ले जाया गया तो वहाँ डाक्टरों ने प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में संजीव पुत्र नन्हे लाल, राजीव पुत्र नन्हे लाल, प्रदीप पुत्र नन्हे लाल, काजल पुत्री नन्हे लाल, सपना पुत्री नन्हे लाल निवासी प्रीतबिहार फाजलपुर महरौला के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। मामले का खुलासा करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने हत्यारोपी राजीव पुत्र नन्हे लाल उसकी बहन काजल और सपना निवासी प्रीतविहार फाजलपुर महरौला को डेकोरा टाईल्स फैक्ट्री के पास शीशगढ़ वाली रोड फाजलपुर महरौला से गिरफ्तार कर लिया। तीनों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक तलवार भी बरामद कर ली गयी है। मामले में संजीव और प्रदीप प्रदीप अभी फरार हैं उनकी तलाश की जा रही है।



# सात बच्चों के पिता ने की थी बालिका से दुष्कर्म और हत्या करने की कोशिश

## पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, लहूलुहान हालत में मिली थी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।गत आठ अगस्त को 12 वर्षीय बालिका के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में पुलिस ने 52 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है जो सत बच्चों का पिता है। पूरे मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। ज्ञात हो कि गत 8 अगस्त की शाम को गौला नदी के किनारे झाड़ियां में 12 साल की बालिका लहूलुहान हालत में मिली थी जिसके सिर और चेहरे को पत्थरों से कुचला गया था। जहां पर बकरी चराने वाले दंपति ने बालिका को झाड़ियां में लहूलुहान स्थिति में देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका को सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया। मेडिकल रिपोर्ट और जांच में पाया गया कि बालिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया था दुष्कर्म में असफल होने पर आरोपी द्वारा पत्थरों से कुचल बालिका के शरीर के कपड़े से ही उसकी गला घोटा और उसको मारा हुआ समझ फरार हो गया था। लेकिन बालिका किस्मत से बच गई। पुलिस ने मामला का खुलासा करने के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गौला नदी किनारे आने जाने वाले लोगों से पूछताछ की। पुलिस के टीम द्वारा नदी में मछली मारने वाले लोगों से पूछताछ में एक संदिग्ध व्यक्ति का नाम सामने आया। जिसके बाद इंदिरा नगर के रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसने एक घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बालिका मंगलवार दोपहर खाना लेकर नदी में अपने पिता को देने जा रही थी। इस दौरान बालिका रास्ता भटक गई। जिसके बाद वह रास्ता दिखाने के बहाने उसको झाड़ियों में ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया लेकिन बालिका चिल्लाने लगी। जिससे गुस्से में आकर उसने उसके ऊपर बड़े पत्थर से हमला कर दिया।जिससे उसका सर और जबड़ा टूट गया यहां तक कि उसने बालिका के कपड़े से उसका गला भी घोट दिया और मरा हुआ समझ फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा कि पकड़ा गया आरोपी सात बच्चों का बाप है। बालिका का इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है जहां बालिका की हालत गंभीर बनी हुई है।

# मनजोत के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सिख युवक 17 वर्षीय सरदार मनजोत सिंघ निवासी रामपुर, मिलक, उप्र की हत्या के विरोध व परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा के बैनर तले नगर की समूह सिख संगत ने गत सायं शामगुरूद्वारा श्री गुरु नानकपुरा से तिकोनिया चौराहे तक रोष मार्च (मौन जुलूस) निकाला। रोषित लोगों का कहना था कि सरदार मनजोत सिंघ कोटा, राजस्थान में पढ़ाई करने गया था। अगस्त के पहले हफ्ते में उसका शव उसके कमरे में संदिग्ध अवस्था मे मिला।उसके मुंह में पन्नी बंधी हुई थी व हाथ पीछे बंधे हुए थे। जिससे साफ स्पष्ट है कि उसकी हत्या बड़ी ही दरिंदगी से की गयी है। लेकिन पुलिस उसे आत्महत्या का रूप दे रही है। सभी ने राजस्थान सरकार से आग्रह किया कि मामले की निष्पक्ष जांच कराए और सत्य सामने लाये। जो भी लोग मामले में दोषी पाये जाते है उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो ताकि पीड़ित परिवार को सही न्याय मिल सके। इस संबंध में कल सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रोष मार्च में समूह संगत के साथ समूह गुरूद्वारा सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटियां, नौजवान जत्थे बंदिया सम्मलित हुई ।




# दोहरे हत्याकाण्ड का खुलासा करने पर ट्रांजिट कैम्प थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थानाअंतर्गत शिवनगर में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकाण्ड के आरोपी को गिरफ्तार कर पूरी मामले का खुलासा करने पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बता दें बीते दिनों शिवनगर में राजकमल उर्फ जगदीश आधी रात को घर में घुसकर संजय और उसकी पत्नी सोनाली को धारदार हथियार से हमला करके मौत के घाट उतार दिया था। साथ ही संजय की सास गौरी मंडल को घायल कर दिया था। इस सनसनीखेज हत्याकाण्ड से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी थी। पुलिस ने कई राज्यों की खाक छानने के बाद मामले में आरोपी राजकमल को रामपुर से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के सफल खुलासे पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों के प्रतिनिधि मण्डल ने ट्रांजिट कैम्प थाने में पहुंचकर थानाध्यक्ष सीपी शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और पुलिस के इस गुडवर्क की सराहना की। इस दौरान सीपी शर्मा ने कहा कि इस हत्याकाण्ड का खुलासा करने में जो भी टीम शामिल रही है। उन्हें भी महानगर कांग्रेस द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जायेगगा। सीपी शर्मा ने थानाध्यक्ष सुंदरम शर्मा ने नशे के खिलाफ भी सख्ती से अभियान चलाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मलिन बस्तियों में नशे के सौदागर जहरीली शराब का कारोबार करके लोगों का जीवन बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नशे खिलाफ अभियान में महानगर कांग्रेस पुलिस को पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को आगे भी सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर महामंत्री सुनील आर्य, महामंत्री अर्जुन विश्वास, वार्ड दो के अध्यक्ष सुरेश यादव, जमील खान, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, असीम पाशा, हरिराम राजपूत आदि भी शामिल रहे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# उद्योगपति शिवकुमार ने लाफ्टर योग कराकर बताए फायदे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के प्रतिष्ठित उद्योगपति कुमार ग्रुप आफ इण्डस्ट्रीज के स्वामी रूद्रपुर निवासी शिवकुमार अग्रवाल द्वारा यहां मोटिवेशनल प्रोगाम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पल्लव अग्रवाल निदेशक सोना चांदी ज्वैलर्स एवं मैपलवुड होटल हल्द्वानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिवकुमार ने अपना परिचय देने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंनें बताया कि वह फ्रीडम फाईटर परिवार से है और रोजगार के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहे है। उन्होनें बताया कि आजकल की भागदौड़ वाली जिन्दगी में लोग इतना व्यस्त हो गये है कि खुलकर हंसना ही भूल गये है। यदि हसते भी है तो ऐसे कि किसी का कर्ज चुका रहे है। उन्होनें बताया कि डाक्टर भी कहते है कि अगर आप सात दिन तक बिल्कुल न हंसे तो आप कमजोर हो जायेगे और बीमारियों को न्योता दे बैठेंगे। शिवकुमार ने उपस्थित लोगों को लाफ्टर योगा कराकर उसके होने वाले फायदे गिनाये। उन्होनें बताया कि लाफ्टर योगा एक दवा की तरह है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन अच्छा रहता है। रोज एक मिनट की हंसी 24 घन्टे के इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि यह अपने चैनल इंजॉय लाइफ शिव कुमार के माध्यम से भी लोगों को मोटिवेट करते है। उन्होंने जिन्दगी में 5 एफ के महत्व को भी विस्तार से बताया। उन्होनें कहा कि जिन्दगी में 5 एफ में सबसे पहले फिटनेस, फ्रेंड्स, फैमिली, फेथ उसके बाद सबसे अन्त में फाइनेन्स को रखना है। बहुत से लोग फिटनेस, फ्रेंड्स को महत्व न देकर पहले फाइनेन्स को पहले रखते है। यदि आपकी फिटनेस व फ्रेंड्स, फैमिली सही रहेगी तो फाइनेन्स तो आप कमा ही लेगें। उनके द्वारा कई तरह की कहानी सुनाकर भी लोगों को मोटिवेट किया गया। मोटिलोगों को मोटिवेट किया गया। श्रोताओं द्वारा उनके कार्यक्रम को खूब सराहा गया व इस तरह के प्रोगाम जनहित में भविष्य में करते रहने को कहा गया। कार्यक्रम के शुरू में पल्लव अग्रवाल ने श्रोताओं को शिव अग्रवाल का परिचय कराया गया। अन्त में शिव अग्रवाल द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज शारदा, सीए महाप्रबन्धक स्टेट बैंक हल्द्वानी, ब्लाइन्ड स्कूल के श्याम ध्यानी, बीपीएल संस्था से श्रीमती पार्वती कैरोला, आलोक शारदा, मोहक शारदा, मनोज डांगा, अनुराग अग्रवाल, गौरव सिंघल, जेएस खुराना, विजेन्द्र जायसवाल, पियूष गर्ग, श्री राजपाल सहित सैकडो श्रोता उपस्थित थे।





Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

काशी कृष्ण नित्यानन्द इण्टर कॉलेज,
रतनफार्मनं0-02, अरविन्द नगर, पोस्ट- बरूआबाग झाड़ी, तहसील / थाना - सितारगंज, जिला- ऊधम सिंह नगर, (उत्तराखण्ड) पिन कोड-262405

आवश्यकता है

वितविहिन प्रबन्धकीय मानदेय व्यवस्था के अन्तर्गत विद्यालय को प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, एल.टी.सहा. अध्यापक, वरिष्ठ लिपिक, कनिष्ठ लिपिक, चतुर्थ कार्मिक के सम्बन्ध में।

प्रधानाचार्य -01पद (अनारक्षित), प्रवक्ता - हिन्दी - 01पद (अनुसूचित जाति), अंग्रेजी - 01 पद (अनारक्षित), भूगोल- 01पद (अनुसूचित जाति), अर्थशास्त्र - 01पद (अनुसूचित जाति), राजनीति विज्ञान - 01 पद (अनुसूचित / अनुसूचित जनजाति), समाजशास्त्र - 01 पद (अनारक्षित), भौतिक विज्ञान - 01पद (अनारक्षित), रसायन विज्ञान - 01पद (अनारक्षित), जीव विज्ञान - 01पद (अनारक्षित), गणित - 01 पद (अनारक्षित),

एल.टी. सहा. अध्यापक- हिन्दी - 01पद (अनुसूचित जाति), अंग्रेजी - 01 पद (अनुसूचित / अनुसूचित जनजाति) संस्कृत - 01 पद (अन्य पिछड़ा वर्ग) विज्ञान - 01 पद (अनारक्षित), गणित - 01 पद (अनारक्षित), सामाजिक विज्ञान - 01पद (अनुसूचित जाति), कला - 01पद (अनारक्षित), व्यायाम - 01पद (अनारक्षित),

वरिष्ठ लिपिक - 01 पद (अनारक्षित), कनिष्ठ लिपिक - 02 पद (अनारक्षित), चतुर्थ कार्मिक - 02 पद

उक्त पदो पर शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हतायें विद्यालयी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मान्य होगी एवं नियुक्ति कर्मचारियों को मानदेय आदि प्रबन्धकीय श्रोतो से देय होगा।

विज्ञापन तिथि के तीन सप्ताह (21 दिन) के भीतर उक्त सभी पदों हेतु आवेदन पत्र बायोडाटा एवं समस्त प्रमाण-पत्रों के साथ ''प्रबन्धक काशी कृष्ण नित्यानन्द इण्टर कॉलेज, रतनफार्म नं0-02 अरविन्द नगर पोस्ट- बरूआबाग झाड़ी, तहसील / थाना- सितारगंज, जिला- ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड) पिन कोड 262405'' के कार्यालय से प्राप्त कर आवेदन उपरोक्त पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेजे।

प्रबन्धक
काशी कृष्ण नित्यानन्द इण्टर कॉलेज

# 15 अगस्त को बेटियां करेंगी ध्वजारोहण

किच्छा (उद संवाददाता)। भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए सुपर शक्ति शी कार्यक्रम की शुरुवात की है जिसके तहत महिलाओं को पार्टी में 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी, हर स्तर पर महिलाएं युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेके अपने हक और हिस्सेदारी के लिए ध्वजारोहण करेंगी। यह बात युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य ने यहां एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सुपर शक्ति कार्यक्रम के तहत भारतीय युवा कांग्रेस देश भर में प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर शक्ति क्लब' के जरिए महिलाओं को जोड़ने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी की जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढ़ना चाहे उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके। कार्यक्रम के बारे में बताते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री तस्लीम रजा ने कहा कि वर्तमान समय में आज देश भर महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर अनेकों प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए है, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के चलते उन्हें दबाने और आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। इस असमानता को दूर करने के लिए युवा कांग्रेस ने सुपर शक्ति कार्यक्रम की शुरुवात की है ताकि देश की हर महिला अपने हक और हिस्सेदारी के लिए किसी पर भी निर्भर ना रहें। कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने हमेशा प्रयास किया है ज्यादा से ज्यादा महिलाएं राजनीति में आए, इसके चलते भारतीय युवा कांग्रेस ने संघठन स्तर पर 33% महिला आरक्षण के तहत संघठन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी हो इसका प्रयास किया है। भारतीय युवा कांग्रेस के महामंत्री नेकहा कि इस कार्यक्रम देश की महिला शक्ति के सशक्तिकरण के लिए एक प्रयास है, जब तक भारत की हर महिला अपने आप में सशक्त नही होती तब तक भारत एक मजबूत राष्ट्र नही बन सकता। महिला मोर्चा की महामंत्री ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए कांग्रेस पार्टी ही विचार करती है अन्य पार्टियों में महिलाओं का लगातार शोषण ही देखने को मिलता है। उन्होंने प्रेस पर भी बोलते हुए कहा कि देश का चौथा स्तंभ भी सही घटनाएं जन मानस के सामने नही रख रहा है। इस दौरान विक्रम सिंह कोरंगा, जस्सी देओल, अतुल पाल, सतपाल सिंह राणा सूरज आदि लोग मौजूद थे।




# टाईल्स मार्केट के प्रभावित व्यापारियों से मिली मीना शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने नैनीताल दिल्ली हाईवे पर स्थित होटल सोनिया के पास टाइल्स मार्केट का दौरा किया और वहां पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें आश्वस्त किया कि वह उनके हर सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर उनके साथ खड़ी रहेगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों प्रशासन के आदेश पर टाइल्स मार्केट को हटाने का काम शुरू हो गया था, जिससे वहां टाइल्स और मार्बल का काम कर रहे व्यापारियों में दहशत और सरकार की कार्रवाई के प्रति तीव्र आक्रोश था। इधर शनिवार को श्रीमती शर्मा ने टाइल्स मार्केट पहुंचकर पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात की और उनकी समस्या को सुना और उन्हें



हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। श्रीमती शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार हिटलर शाही पर आमादा है, वह पूरे शहर को ही उजाड़ देना चाहती है स पिछले दिनों जी-20 की आड़ में उन्होंने दिल्ली नैनीताल हाईवे पर स्थित बस स्टेशन के सामने लोहिया मार्केट और अन्य ठेली फड़ वालों को बेरहमी के साथ उजाड़ दिया, और अब एक राजनीतिक साजिश के तहत इन टाइल्स मार्केट के व्यापारियों को उजाड़ा जा रहा है, जिसका वह पुरजोर शब्दों में विरोध करती हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा की जब ये जगह रजिस्ट्रीशुदा है और 143 भी है फिर इन्हें क्यों उजाड़ा जा रहा है। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधान विजय यादव, अयूब खान, अनिल शर्मा, जावेद असलम, सचिन गंगवार, मनीष गंगवार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फरीद अहमद मंसूरी, अरशद पाशा, रामाधारी गंगवार, अरविंद सक्सेना, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों ने किया नशे के खिलाफ जागरूक

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। सिडकुल में स्थित द बिलबर स्कूल के बच्चों ने नशे के खिलाफ क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान बच्चों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली में स्थानीय है। द बिलबर स्कूल के बच्चों ने शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया एवं जन जागरूकता रैली निकाली। रैली टैगोर नगर से आरंभ हुई एवं शक्तिफार्म के रहने एवं उसके दुष्परिणाम के विभिन्न स्लोगन लिखी चार्ट बोर्ड लेकर चलते रहे। जागरूकता रैली चौकी परिसर पहुंचने पर प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि नशे के खिलाफ बच्चों के जागरूक होने है। वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. संजय बाछाड़ ने कहा कि आज युवा वर्ग नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र यादव, नगर पंचायत चेयरमैन सुनील विश्वास,




जनप्रतिनिधियो ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य को 2025 तक पूर्ण रूप से नशा मुक्त बनाए जाने का संकल्प लिया पुलिस चौकी में पहुंचकर संपन्न हुई। बच्चों के साथ क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि भी जागरूकता रैली में शामिल हुए। इस दौरान बच्चे ने अपने हाथों में नशे से दूर से परिजन भी जागरूक होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास ने कहा कि द बिलबर स्कूल द्वारा नशे के खिलाफ चलाया जा रहा यह अभियान सराहनीय भाजपा नेता संजय बाछाड़, मंडी समिति के उप चेयरमैन रविंद्र विश्वास, देवशीष पोद्दार, विक्रम भंडारी, गोविंद राय, कार्तिक सुतार, गोविंद पोखरिया आदि मौजूद थे।

# बीकॉम में अंकुर बंसल ने किया कालेज टॉप



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की बी.कॉम परीक्षा का परिणाम 11 अगस्त को घोषित किया गया। जिसमें सरदार भगत सिंह डिग्री कॉलेज के अंकुर बंसल ने बी.कॉम फाइनल में 68.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज में पहला स्थान हासिल किया। अंकुर की इस सफलता पर प्राचार्य और प्राध्यापकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। अंकुर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि माता पिता और गुरूजनों ने हर पल उनका साथ दिया और प्रेरित किया। जिसकी बदौलत ही उन्हें यह सफल्ता मिल पायी।

# शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। देश की आजादी के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और समस्त अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश की आजादी में अपना जीवन बलिदान करने सफल बनाने हेतु एसएसपी अल्मोड़ा के निर्देशन में अल्मोड़ा पुलिस द्वारा वृहद स्तर पर अभियान चलाकर प्रत्येक दिवस




वीरों का सम्मान करने के लिए भारत सरकार द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरु किया गया है। जिसके तहत एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु व अल्मोड़ा पुलिस के वाले बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों के सम्मान में दीप प्रज्जवलित कर उनके बलिदान को याद किया गया। मेरी माटी मेरा देश अभियान को जनपद स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम किये जाएगें। हर घर तिरंगा अपील के साथ ही एसएसपी द्वारा जनपदवासियों से 13 अगस्त से 15 हर घर तिरंगा फहराने की अपील की गई।

# थानाध्यक्ष को ग्राम प्रधानों ने किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर थाना अध्यक्ष राजेश पांडे के गदरपुर थाने में सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम प्रधान संघ ने थाना अध्यक्ष को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गुरविंदर सिंह के नेतृत्व थाना अध्यक्ष राजेश पांडे को ग्राम प्रधानों ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्राम प्रधान शराफत अली मंसूरी ने कहा थाना गदरपुर में बढ़ते हुए नशे के सौदागरों की धर पकड़ कर थानाध्यक्ष द्वारा जहां प्रदेश के यशवी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सपनों को साकार करने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी है गदरपुर थानाध्यक्ष ने क्षेत्र में बढ़ रही वाहन ब अन्य चोरी की घटनाओं में चोरों शिकंजा करते हुए वाहन चोरों को जेल भेजा गया जिससे क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में नाबालिग बच्चों द्वारा लाई जा रही बाईकों से दुर्घटनाओं का भय बना रहता था। थानाध्यक्ष राजेश पांडे द्वारा स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाकर नाबालिक छात्रों को स्कूलों में बाइक ना लाने की हिदायत विद्यालय प्रशासन को दी गई। ग्राम प्रधान संघ ने गदरपुर थाने में तैनात अन्य दरोगाओं को भी सम्मानित किया। थानाध्यक्ष को सम्मानित करने वालों में फुरकान अली, हर्ष पाल सिंह बंटी, केतन कुमार, विजय कुमार, शरीफ अंसारी आदि मौजूद थे।



# कालाढूंगी पुलिस टीम ने नशा तस्कर किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कालाढूंगी थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत के नेतृत्व में उनि रमेश पंत, कानि. ललित बिष्ट व जसबीर सिंह थाना क्षेत्र में चौकिग कर रहे थे। इसी दौरान बरहंबुबू मंदिर से कुछ पहले बाजूनिया हल्दु की तरफ जंगल के पास संदिग्ध रूप से एक व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस वालों द्वारा रात्रि में खड़े होने का कारण पूछने पर जब व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा तो शक होने पर पुलिस टीम द्वारा उसे मौके पर ही पकड लिया गया। पूछताछ करने पर पकडे व्यक्ति ने अपना नाम पता राहुल यादव पुत्र धीरसिंह यादव निवासी बंदोबस्ती मंगोलिया धड़ा कालाढूंगी जिला नैनीताल बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से कुल 6.15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि यह स्मैक वह बाजपुर से एक लड़के से लाया था परन्तु उसका पता मालूम नही है। उसका कहना था कि वह स्मैक पीने का आदी है। इसमें कुछ स्मैक पी लेता हूं तथा कुछ बेच लेता हूं। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर नशा तस्कर राहुल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।



# थाल सेवा ने मुहैया कराया एक महीने का राशन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आपदा में कलसिया नाले से प्रभावित 11 परिवारों को प्रशासन द्वारा चिन्हित किया गया व सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह ने थाल सेवा से संपर्क किया। थाल सेवा ने तहसील परिसर में आपदा प्रभावित 11 परिवारों को एक एक महीने का राशन व बर्तन आदि वितरित किए। टीम थाल सेवा के महामंत्री उमंग वासुदेवा व राजीव बग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि भविष्य में प्रशासन जिन भी जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करेगा टीम थाल सेवा उनको



# महिला व्यापारी जिलाध्यक्ष के पति के निधन पर शोक व्यक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें जिला नैनीताल की जिलाध्यक्षा कुसुम दिगारी के पति के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना प्रगट की गई। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दिगारी परिवार के लिए ये अपूर्णीय क्षति है। हम व्यापार मंडल की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित



करते है। शोक सभा के उपरांत सभी व्यापारी प्रतिनिधि अपनी शोक संवेदना प्रगट करने उनके निवास पर जाकर उनके परिजनों से मिले। संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट, महानगर युवा अध्यक्ष पवन वर्मा, ग्रामीण इकाई प्रभारी पवन जोशी, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे, लाला जायसवाल, कौशलेड्ड टीम थाल सेवा ने पूर्व में भी करोना काल के समय में जरूरतमंदों को राशन किट वित्रित की थी।

# करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम

## श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में सजा श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवालके सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीबालाजी मंदिर, दिनेशपुर में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज मंगलवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्यस्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसकेपश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखलामें शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, बिट्टु अरोरा ने मेरे प्रेतराज सरकार, आयुषअरोरा ने मेरी कुटिया के भाग जाग जायेंगे, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, हरि चरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगाबाबा का जयकारे, पवन खेड़ा जरा घूमने तो घाटे चलिये, विपुल कुमार ने करो बेड़ा पार हमारा, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे, संजीव कुमार ने भोले बाबा ने ऐसा



बजाया डमरू, सुरेश मित्तल ने बजरंग बली जिसने तेरा नाम पुकारा है, महेंद्र बंसल ने ऐ बालाजी घाटेवाले हम सब पर उपकार करो, विशाल मदान ने करो भरोसा बालाजी पर बनेंगे बिगड़े काम, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा काचोला चमके आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्रीबालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरणकिया गया। इस अवसर पर पंडित दिनेश पाठक, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोरा, खैरत कुमार, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, आयुष अरोरा, अंशअरोरा, भारत शर्मा, सत्यम जयसवाल, शंकर विश्वास, शिवम् कुमार, परमजीत, राजपाल सूंघ, दीपु सैनी, प्रतीक मौर्या, सन्नी नारंग, सोनू कक्के, नोनी ग्रोवर, काली ग्रोवर, रामनारायण मिश्र, नीरज रस्तोगी, कीमती लाल, सचिन रस्तोगी, धीरज रस्तोगी, अमित अग्रवाल, माधव खुराना, संदीप अग्रवाल, उमेश कुमार, वैभव ग्रोवर, गौरव शर्मा, बँटी कालरा, वेदप्रकाश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, हरीशश्रीवास्तव, उदय रस्तोगी, केवल पाठक, शुभम् रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, पवन अरोरा, सुरेश मित्तल, दीपक घई, मनीषगोयल, विपुल कुमार, शिवम् अरोरा, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी ने किया 31 व 46 पीएसी का भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डा. पीवीके प्रसाद, अपर पुलिस महानिदेशक,पीएसी द्वारा 31वीं एवं 46वीं वाहिनी का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान श्रीमती प्रीति



प्रियदर्शिनी, सेनानायक 31 पीएसी, प्रहलाद नारायण मीणा एसपी विजिलेंस, सुखबीर सिंह सेनानायक आईआरबी प्रथम, हरीश वर्मा, उप सेनानायक 46पीएसी एवं डा. उत्तम सिंह नेगी उप सेनानायक 31पीएसी मौजूद रहे। वाहिनी परिसर में अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा वाहिनी शस्त्रागार, केन्द्रीय आयुद्ध भण्डार, बैरक, परिवहन शाखा, पुलिस माडर्न स्कूल का भ्रमण किया तथा परिसर में किये गए सौदर्यीकरण कार्यों की प्रशंसा की गई व निर्देशित किया गया कि वाहिनी में मरम्मत योग्य कार्यों को यथाशीर्घ पूर्ण करा लिया जाए। भ्रमण के उपरान्त उन्होंने 31 एवं 46 पीएसी के अधिकारी व कर्मचारियों का सम्मेलन लिया और उनकी व्यक्तिगत तथा पारिवारिक समस्याओं को सुना व उनके निदान हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पीएसी बल एक अनुशासित बल है जिसे हमेशा आपात स्थिति के लिये तैयार रहना पडता है। दोनो वाहिनियों के सेनानायकों को जवानों में बेहतर अनुशासन बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त दोनों वाहिनियों में चल रही उत्तराखंड पुलिस महिला फायरमैन के भर्ती रिक्रूट आरक्षियों का भी सम्मेलन लिया। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह कोश्यारी, अन्न राम सहायक सेनानायक 31 एवं 46, मनीष शर्मा, अजय आर्य, शिविरपाल 31 एवं 46, दलनायक शुक्रू लाल, गोपाल सिंह बिष्ट, खुशाल सिंह रावत, सूबेदार सैन्य सहायक खुर्शीद अली, बलवन्त सिंह, पीसी उमेश सोनकर एवं दोनो वाहिनियों के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवीयों ने निकाली मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय के इंटर कॉलेज के स्वयंसेवकों द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत सेवित क्षेत्र की अनेक कॉलोनियों में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त स्वयंसेवी हाथों में तख्तियों पर लिखे स्लोगनो द्वारा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने सभी स्वयंसेवकों को मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा देश के लिए बलिदान होने वाले समस्त वीरों के सम्मान के प्रति शपथ दिलाई। उन्होंने आह्वान किया कि सभी स्वयंसेवी स्वच्छता कार्यक्रम द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। तत्पश्चात स्वयंसेवी रैली के माध्यम से रम्पुरा, प्रीत विहार, लोक विहार, बराड़ कॉलोनी इत्यादि क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान के साथ विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा



ने सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए मेरी माटी मेरा देश के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह से गांधी जी के नेतृत्व में संपूर्ण देशवासियों ने भारत छोड़ो आंदोलन मे प्रतिभाग कर अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर मजबूर किया। इस अवसर पर राजपति बिंद, कुलदीप कुमार गहलोत, डीके शुक्ला, प्रमोद बाबू शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक शिक्षक तथा सभी स्वयंसेवी उपस्थित थे।

# पंजाबी जनकल्याण समिति ने बुजुर्गों की याद में रोपे पौधे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पंजाबी जनकल्याण समिति ने अपने बुजुर्गों की याद में पांच नदियों के नाम से पांच पौधे शकुंतलम बैंक्विट हॉल रामपुर रोड में रोपे। पदाधिकारियों ने पौधों को सकुशल बड़ा करने का निर्णय लिया।कार्यक्रम संयोजक संजीव आनन्द ने बताया कि हमारे पंजाबी बुजुर्ग जिन्होंने 1947 के भारत पाकिस्तान विभाजन का दर्द झेला है और वह विभाजन के समय भारत आए थे यहां आकर संघर्षशील जीवन व्यतीत किया। उनमें से कई बुजुर्ग अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर चुके हैं। जिनकी याद में पौधारोपण किया गया।कार्यक्रम में मेयर नगर निगम जोगेंद्र रौतेला, विधायक सुमित हृदेश



व वन अनुसंधान केंद्र के वन क्षेत्राअधिकारी मदन सिंह बिष्ट अतिथि रूप में मौजूद रहे। विधायक सुमित हृदयेश व मेयर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया। मदन सिंह बिष्ट ने हरे-भरे पौधे व अन्य औषधि पौधों की जानकारी दी।संस्था के अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ ने बताया कि कार्यक्रम में कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया। मंच संचालन मुकेश ढींगरा ने किया। इस दौरान संरक्षक कश्मीरी लाल साहनी, सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, हरबंस लाल कुमार, प्रवीण बागई, जगदीश लाल सडाना, हरिमोहन अरोड़ा, उमंग वासुदेव, अवनीश राजपाल, राजीव बग्गा, ज्ञान स्वरूप ग्रोवर, कनिष्क ढींगरा, गौतम साहनी, महेश आहूजा, राजकुमार आनंद, संदीप गांधी, महेश आहूजा हनी, अजय गुम्बर, कमल राजपाल, सीमा साहनी, चेष्टा सडाना, रीना मनसेरा, नीतू साहनी, ममता खुल्लर, डॉली खाने, संगीता गांधी, किरण कक्कड़, अर्चना गुलाटी, आस्था गुंबर, पूजा बग्गा, आदि मौजूद थे।




# शहीदों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।76 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की ओर से नगर निगम के सभागार में 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें शहीदों के आश्रित और पूर्व सैनिकों को जिला अधिकारी उदय राज सिंह ,एसएसपी मंजूनाथ टीसी ,विधायक शिव अरोरा , मेयर रामपाल सहित रुद्रपुर शहर के समाजसेवियों ने शहीदों के आश्रितों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की ने सरकारों के द्वारा पूर्व सैनिकों और शहीदों को लेकर बनाई जा रही योजनाएं और उन पर हो रहे कार्यों की सराहना की साथ ही कुछ परिवार अभी भी दयनीय स्थिति से गुजर रहे हैं।जिस पर सरकार और अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराने की बात कही। साथ-साथ सभी अतिथियों ने





बारी-बारी से शहीदों के सम्मान में अपनी अपनी बात रखी और आयोजकों को सराहना की। शहीदों को याद करना ही सच्ची सेवा है। इस मौके पर वीर नारियों ने सम्मान को सर्वोपरि बताया समाज में देश पर बलिदान होने वाले शहीदों और सैनिकों को जो याद करते हैं वह लोग वास्तव में देश प्रेमी ही होते हैं।अक्सर शाहिद और सैनिकों के बलिदानों को लोग भूल जाते हैं या फिर कुछ दिनों तक याद रखते हैं। लेकिन मानव अधिकार सुरक्षा अपराध निरोध संगठन की इस पहल से वीर नारियों सहित शहीदों के आश्रित और सैनिकों में उम्मीद की झलक देखी। जिसके तहत वह सम्मान पाकर गदगद हो गए। इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत और वंदे मातरम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों गुनगुना कर माहौल देश भक्ति मय कर दिया वहीं जिला अध्यक्ष निर्भय सिंह ने सम्मान के उपरांत कार्यक्रम के उपरान्त समापन की घोषणा की। इस मौके पर मीना शर्मा , समाजसेवी एडवोकेट दिवाकर पांडे,डा. मनमोहन सिंह,भारत भूषण चुघ,शहीद भगत सिंह के पोते गुरबचन सिंह कारगिल शहीद बलजीत सिंह के भाई करनजीत सिंह, शहीद रमेश सिंह पुजारी की पत्नी कल्पना देवी ,शहीद मनोज सिंह रावत की माता गोदावरी देवी, शहीद अंग्रेज सिंह के भाई अमृत जीत सिंह, शहीद खेमचंद डोरबी की पत्नी प्रेमा डर्बी ,खुशाल सिंह ,हिम्मत सिंह कुंवर, गोविंद सिंह चौहान, रमेश चंद कन्याल ,हीरा पानू ,त्रिलोक सिंह खड़ायत ,भूपेंद्र सिंह बोरा सहित संस्था जिला अध्यक्ष निरवैर सिंह, जिला प्रभारी निर्मलजीत सिंह ,जिला महासचिव उपदेश कुमार, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप मार्कोस ,नगर अध्यक्ष राजेश मुंशी ,महेंद्र पाल मौर्य समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विभाजन के समय पाकिस्तान से आए बुजुर्गों को किया सम्मानित

खटीमा (उद संवाददाता)। उत्तरांचल पंजाबी महासभा खटीमा द्वारा मेला घाट रोड एक निजी बेंक्वट हॉल में मेरे बुजुर्ग मेरी धरोहर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भारत श्रीमती सरोज छाबड़ा, श्रीमती सरोज रानी बत्रा, श्रीमती कुलदीप कौर, श्रीमती सुरेंद्र कौर, करनैल सिंह, श्रीमती महेंद्र कौर, श्रीमती स्वर्ण कौर, गोविंदराम, श्रीमती अमर कौर आदि बुजुर्गों को राजकुमार गुंबर एवं जितेंद्र बत्रा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सभासद अनिल बत्रा, विजय अरोरा, मनोज वाधवा, जितिन ग्रोवर ,मनोज गुलाटी, हरीश बत्रा, सचिन विज,



विभाजन के समय पाकिस्तान से आए बुजुर्गों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में मुख्य रूप से पुष्पा अरोड़ा, श्रीमती सुदेश अरोड़ा, मदनलाल ढींगरा, श्रीमती मान कोर, जनक सिंह, अमन कौर, ओम प्रकाश छाबड़ा, सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह अपने पूर्वजों को याद करते हुए जिन्होंने अपनी प्राण की परवाह किए बिना विभाजन का दंश झेलते हुए अपने धर्म की रक्षा की और बंटवारे के समय हिंदुस्तान में आकर बसे ऐसे बुजुर्गों को याद मे कार्यक्रम किया गया।संचालन जसविंदर सिंह, पप्पू, मनोज छाबड़ा, दीपक मारवा, सुधीर बत्रा, सोनिया सुनेजा, पूजा बत्रा, आरती डाबर, ट्विंकल बत्रा, कुलदीप गंभीर, बिट्टू ग्रोवर, ट्विंकल दत्ता, राजू सुनेजा, संरक्षक सरदार जनक सिंह, बाबूराम अरोड़ा, राहुल अरोड़ा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।









# मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत चुघ ने किया पौधारोपण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत कीरतपुर में मेरा माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा अमृत वाटिका के तहत पौधारोपण कर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भूषण चुघ ने साथ सेनानियों की स्मृति में पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व वीर शहीद सैनिकों को हम सभी शत शत नमन करते हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर शहीद सैनिकों के निवास ग्रामों से पावन मिट्टी एकत्रित कर उनकी स्मृति में बनाई जाने वाली अमृत वाटिका उनके आश्रितों के लिए सरकार द्वारा योजनाएं संचालित की गई हैं। साथ ही आश्रितों का समय समय पर शासन प्रशासन के साथ ही विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों से प्रभावित होकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से प्रदेश स्वतंत्रता के नायकों की बदौलत ही आज देशवासी गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर स्वतंत्र देश में निवास कर रहे हैं। हम सभी का यह परम कर्तव्य है कि सभी देश की आजादी में सहयोग करने वाले सेनानियों व उनके परिजनों का सदैव सम्मान करें। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी ध रिेंद्र कुमार पंत, ग्राम विकास अधिकारी



कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आजादी में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान की शुरुआत की। जिसके तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के निवास स्थानों पर उनके परिजनों का सम्मान करने के साथ में अर्पित की जाएगी। श्री चुघ ने कहा कि यह देवभूमि उत्तराखंड तथा तराई क्षेत्र के लिए गौरव की बात ही कि यहां के निवासी कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सैनिकों ने देश की आजादी में अपने प्राण न्यौछावर कर अपना अविस्मरणीय योगदान दिया। सरकार द्वारा राजधानी देहरादून में सैन्य धाम की स्थापना की जा रही है। श्री चुघ ने सभी से स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अपने आवास एवं प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते ग्राम प्रधान निर्मला सिंह ने कहा कि देश की लाल सिंह, अजय सिंह , वार्ड सदस्य जीतन नेगी, अलका त्यागी, किरण राजभर, अनिल राजभर, रुद्र मानव शिक्षा कल्याण के सचिव विजय शिकारी, विजय गुप्ता, बलजीत सिंह, मैंना देवी, रामप्रवेश पांडे, कौशल्या देवी, राजकुमारी देवी, सोनू, विमला देवी आदि मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को किया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल किच्छा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी सरकारी अर्ध सरकारी व सामाजिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर रहा है यह कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलता रहेगा इस दौरान क्षेत्र अंतर्गत जो भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए चयनित किया जाएगा उसे व्यक्ति को



सम्मानित करते हुए उत्कृष्ट प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। इसी क्रम में विद्युत विभाग के अधिशासी अधिशासी अभियंता दिनेश चंद्र गुरु रानी एवं ओंकार को अमित महोत्सव के तहत नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजकुमार बजाज महामंत्री विजय अरोड़ा तथा कोषाध्यक्ष नितिन पटेल द्वारा सम्मानित कर स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष व्यापार मंडल एवं महामंत्री कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता को तथा सरकारी अर्ध सरकारी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करने के लिए व्यापार मंडल ने यह पहल की है जो आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुमित तनेजा, महामंत्री युवा व्यापार मंडल यश नारंग, उपाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल उपस्थित थे।

# मानव जीवन में धर्म ही प्रधानः शास्त्री

गदरपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार गदरपुर में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 12वें दिन की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि पैसा मुख्य नहीं है धर्म ही मुख्य है,मानव जीवन में धर्म ही प्रधान है, धन से सुख नहीं मिलता सुख मिलता है सच्चे संस्कारों से अच्छे संस्कारों से संयम से और सदाचार से, प्रभु भक्ति और त्याग से सुख मिलता है, धर्म से धन कभी भी श्रेष्ठ नहीं हो सकता। प्रसाद



की सेवा सभा के कोषाध्यक्ष श्री लेखराज भुड्डी जी के परिवार द्वारा दी गयी।



उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## डेंगू संक्रमण से बचाव

कई बार लोग बुखार को सामान्य और मौसमी संक्रमण मान लेते और उसी तरह उसका इलाज भी करते हैं। जबकि यह संभव है कि इस मौसम में होने वाला बुखार डेंगू के रूप में पल रहा हो। इस साल फिर दिल्ली में डेंगू का प्रकोप जैसा दिख रहा है। यह चिंताजनक है। डेंगू से पीड़ित लोगों की संख्या जिस तरह बढ़ रही है, उससे साफ है कि सरकार और आम लोगों को समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। यह किसी से छिपा नहीं है कि डेंगू के फैलाव को लेकर बरती गई लापरवाही इस बीमारी को घातक शक्ल दे सकती है। गौरतलब है कि दिल्ली में इस महीने के शुरुआती पांच दिनों में ही डेंगू के एक सौ पांच मामले पाए गए। रोजाना औसतन इक्कीस नए रोगी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। यह आंकड़ा दिल्ली नगर निगम की रिपोर्ट में दर्ज मामलों के आधार पर है। वास्तव में इससे कहीं ज्यादा लोग डेंगू के दायरे में आ चुके हैं। ज्यादा चिंता की बात यह है कि डेंगू से पीड़ित कम से कम आधे मरीजों को अस्पतालों या डाक्टरों के क्लीनिकों में भर्ती कराने की नौबत आ रही है। गनीमत यह है कि इस साल डेंगू के मरीजों के बीच प्लेटलेट की संख्या तो गिर रही है, लेकिन खून नहीं निकल रहा है। हालांकि यह कोई सुरक्षित स्थिति होने की गारंटी नहीं है, क्योंकि इस बार डेंगू टाइप-2 को मरीजों के लिए एक खतरनाक स्ट्रेन माना जा रहा है। दिल्ली में नगर निगम की रिपोर्ट के मुताबिक डेंगू के मरीजों की संख्या इस वर्ष करीब साढ़े तीन सौ तक पहुंच गई है। पिछले छह वर्ष के दौरान जनवरी से अगस्त के पहले हफ्ते की अवधि के दौरान इस बार स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। पिछले वर्ष की तुलना में भी इस वर्ष डेंगू पीड़ित लोगों की संख्या दोगुनी है। दिल्ली में डेंगू का दंश कोई नई बात नहीं है। सरकार से लेकर आम लोगों तक को इसकी गंभीरता और खतरे का अंदाजा है। विडंबना है कि जिन मच्छरों के काटने से यह बुखार फैलता है, उसके नियंत्रण के लिए न तो सरकार की ओर से पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं, न ही लोग अपने स्तर से जरूरी सावधानी बरतते हैं। जबकि सबको पता है कि डेंगू फैलाने के लिए जिम्मेदार मच्छरों की प्रकृति क्या है, वह किस वक्त काटता है और उससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए। मगर इस मसले पर बरती गई व्यापक लापरवाही का नतीजा यही है कि अब फिर डेंगू अपने आक्रामक तेवर में लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। मुश्किल यह है कि कई बार लोग बुखार को सामान्य और मौसमी संक्रमण मान लेते और उसी तरह उसका इलाज भी करते हैं। जबकि यह संभव है कि इस मौसम में होने वाला बुखार डेंगू के रूप में पल रहा हो। शुरुआती लापरवाही का नतीजा तब पता चल पाता है जब खून में प्लेटलेट की कमी होने लगती है। जबकि अगर समय रहते जांच करा कर इसका पता लगा लिया जाए तो इस बुखार के खतरे को कम किया जा सकता है। घर और आसपास डेंगू के मच्छरों के पलने और बढ़ने से रोकने के लिए पानी जमा न होने देने के साथ-साथ बुखार की जांच जैसी बहुत छोटी सावधानियां बरत कर इससे बचना संभव है। लेकिन अफसोस यह है कि न तो वक्त पर सरकार इससे बचाव को सुनिश्चित करने के लिए अपनी ओर से जरूरी कदम उठाती है और न आम लोगों के बीच अपेक्षित जागरूकता और सतर्कता देखी जाती है। नतीजतन, जिस डेंगू का सामना करना और उससे बचना आसान है, उसकी चपेट में आकर लोगों की स्थिति गंभीर हो जाती है। इस वर्ष ज्यादा गंभीर तरीके से डेंगू के फैलते पांव के मद्देनजर जरूरी है कि नगर निगम से लेकर सभी संबंधित महकमे इससे बचाव के लिए हर स्तर पर सतर्क रहें।

# सड़क पर बने गड्ढों से जूझ रहे लोग

## बारिश ने सड़क की गुणवत्ता की खोली पोल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के मुख्य चौराहे से नेशनल हाईवे से जुड़ने वाली सड़क की हालत बदहाल हो गई है। स्थानीय लोगों में विभाग के प्रति भारी रोष है। जलभराव होने से वाहन चालकों कुछ दिखाई नहीं देता। जिससे दो पहिया वाहन और स्कूल के पढ़ने वाले बच्चे गिर रहे हैं। जगह-जगह गड्ढे होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है । जिससे लोगों का चलना दूरभर हो गया है। इसके बावजूद भी लोक निर्माण विभाग का अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। आए दिन राहगीरों को आवागमन के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़कों पर गड्ढे होने से दिन प्रतिदिन बदहाल होती जा रही है। दोपहिया चालक व स्कूल के पढ़ने वाले छात्र गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। बारिश के समय तो इस गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे हादसे का आसार ज्यादा बढ़ जाते हैं। शहर से हाईवे से जोड़ने वाली सड़क पर आवागमन ज्यादा रहता है। सड़क जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो गई है। बारिश का पानी जमा होने के कारण कई स्थानों पर पता ही नहीं चल रहा है कि कहां सड़क है और कहां गड्ढा। विभाग के अधिकारी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए मौन



साधे हुए हैं। हर दो कदम पर सड़क पर गड्ढा है। स्थानीय लोगों में सड़क का निर्माण न होने से काफी रोष है। इसके बावजूद भी प्रशासन के किसी अधिकारी ने इन गड्ढों को दुरुस्त करने की सुध नहीं ली है। सड़क पर गहरे गड्ढे लोगों को दर्द दे रहे हैं। बारिश में सड़कों की गुणवत्ता की पोल खोल दी है। वाहन चालक हिचकोले खाकर निकल रहे हैं। शहरवासियों को इन गड्ढों से छुटकारा फिलहाल मिलता नहीं दिख रहा है। सड़क पर बने गड्ढे लोगों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गए हैं। बरसात में गड्ढों का साइज और बढ़ गया है। सड़क पर गड्ढे होने से हादसे होने की आशंका बनी रहती है। सड़क में बजरी फैल रही है और उन पर दोपहिया वाहनों का फिसलने का डर लग रहता है। विगत दिवस पहले ही सड़क का निर्माण हुआ था। मगर यह मार्ग बारिश नहीं झेल सका और गढ़ों में तब्दील होने लगा। खस्ताहाल सड़क होने से लोग जान जोखिम में डालकर आने-जाने को मजबूर है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। और सरकार अभियान चलाकर सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद भी विभाग के आला अधिकारियों ने कागजों में ही सड़कों को गड्ढा मुक्त कर दिया है।लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गड्ढा मुक्त करने के लिए मौन साधे हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण कराने के लिए विभाग से मांग भी की है।

# राइजिंग फाउंडेशन ने साक्षीपुरम में लगाये पचास पौधे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आओ पेड़ लगाओ अभियान के छठे सप्ताह रविवार को रुद्रपुर राइजिंग फाउंडेशन ने साक्षीपुरम में 50 छायादार और फलदार पौधे रोपे।इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राइजिंग सदस्यों और कालोनी वासियों को तिरंगा वितरित किया गया।उल्लेखनीय है पर्यावरण को संरक्षित करने तथा स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से रुद्रपुर राइजिंग द्वारा पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में आज रविवार को साक्षीपुरम के पार्क और अन्य स्थानों पर करीब 50 पौधे रोपे गए। इनमें आम, अमरूद, नींबू ,अनार लीची आदि शामिल है। कार्यक्रम में फाउंडेशन द्वारा कॉलोनी वासियों तथा अपने सदस्यों को तिरंगा वितरित किया गया ताकि 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा



लहराए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना होगा साथ ही पौधों को संरक्षित कर पेड़ बनाना जरूरी है। ताकि प्राकृतिक आपदाओं से भी बचा जा सके। राइजिंग अध्यक्ष विजय आहूजा ने कहा कि फाउंडेशन अगस्त माह तक पौधारोपण करेगी और फिर सितम्बर माह में इन पौधो के सरक्षण का अभियान चलाएगी। कार्यक्रम में आलोक जैन,सुनील आर्य, ओंकार सिंह ढिल्लन, पी के मौर्य, संजय ठुकराल, मुनिंदर कुमार,गौतम थापा, महेश कुशवाहा,चंद्र कला राय,मोहन राम, मैरी थापा, सोनम सिंह, रामकृष्ण सैनी, राजू पाठक, दिनेश मांझी ,अंकित सैनी, भजन लाल, पप्पू यादव, सुरेश, अभिषेक सैनी, नीलेश सिंह, श्रवण कुमार, हरिओम गंगवार, अजेय यादव, लालजी सिंह, राहुल , दिनेश पटेल, मुकेश प्रजापति, राजेंद्र बिष्ट, मुनेंद्र, मनोज शर्मा,नवीन सिंह,धर्मेंद्र आदि शामिल थे।

# सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा : नवनीत पांडे

चंपावत(उद संवाददाता)। चंपावत के जिलाधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत नवांगतुक जिलाधिकारी रुनवनीत पाण्डेय द्वारा जिले के प्रेस तिनिधियों से वार्ता की। विगत दिवस प्रेस से मुखातिब होते हुए उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी की जनपद चंपावत को आदर्शचंपावत बनाने की परिकल्पना के अनुरूप प्राथमिकता के तहत जिले के विकास हेतु कार्य किया जाएगा और 2025 तक जनपद चंपावत को रुदेश का एक सर्वश्रेष्ठ जिला बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य कराए जाएंगे, सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाए जाने हेतु प्रमुखता से कार्य कराए जाएंगे। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को त्वरित गति से नागरिकों तक पहुंचाकर लाभान्वित करना मुख्य लक्ष्य रहेगा। इसके साथ ही मीडिया एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बताये गये जनपद स्तरीय जनहित के मुद्दों का समय रहते समाधान करना, मानसून सीजन के चलते आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग



अंतर्गत संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतते हुए अलर्ट मोड में रहकर कार्य करना, सुरक्षा व्यवस्था/प्रशासनिक व्यवस्था दूरस्त रखना, जनपद में चल रहे इनेशियेटिव कार्यों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर जनता को कोई परेशानी न हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि रुशासन की रुप्राथमिकताएं उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी। वे योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए फील्ड में जाकर लोगों से सीधे बातचीत करके योजनाओं की जानकारी लेंगे। सभी लाभार्थी परक योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए प्रयास किये जायेंगे। जनता से मिलने का जो समय निर्धारित है, उसके बावजूद भी दूरदराज से आने वाले फरियादियों से मिलकर उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आंकड़ों पर विश्वास न कर भ्रमण करके सभी लाभार्थी परक योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उनके द्वारा स्वयं देखी जाएगी। जीरोटारलेंस के आधार पर कार्य किया जायेगा। जनपद में स्वच्छता एवं साफ- सफाई पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा जनपद के विभिन्न जनहित के मुद्दों के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार गणेश दत्त पाण्डेय, चंद्रशेखर जोशी, दिनेश पांडेय, सतीश जोशी, चंद्र बल्लभ ओली, गणेश पांडेय, संतोष जोशी, योगेश जोशी, हरीश पांडेय, दिनेश भट्ट अन्य मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दो माह बाद दर्ज किया चोरी का मुकदमा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर में चोरी की बढ़ती घटनाओं का ग्राफ काम करने के लिए पुलिस द्वारा कई माह तक घटना की रपट ही दर्ज भी की जा रही है। कुछ मामलों में मिली तहरीर के आधार पर जांच के दौरान जब पुलिस को घटना से संबंधित कुछ सुराग मिलते हैं तभी रपट दर्ज की जाती है ताकि रपट दर्ज करने के कुछ ही घंटो में मामले का खुलासा करने का श्रेय लिया जा सके। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। गत जून माह में टीपी नगर चौकी क्षेत्र में हुई चोरी की शिकायत पर पुलिस ने ढाई माह बाद मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस को दी तहरीर में देवेश कुमार निवासी ग्राम धारिकपुर कासगंज उत्तर प्रदेश ने कहा है कि वह वर्तमान समय में टीपी नगर चौकी क्षेत्र के राजारानी विहार में किराया का कमरा लेकर रहते हैं तथा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय कुसुमखेड़ा में वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 27 मई को परिवार के साथ मां के ईलाज के लिए दिल्ली गए थे। उनके मकान मालिक जमशेदपुर में रहते हैं। उन्होंने घर में काम करने के लिए बबली नाम की महिला को रखा हुआ है। 30 मई को मकान मालिक घर आए और उन्होंने फोन से सूचित किया कि उनके कमरे के दरवाजा खुले हुए हैं। अलमारी और दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं। घर का सारा सामान बिखरा है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। देवेश का कहना है कि 1 जून को वापस हल्द्वानी आया तो देखा कि घर का सारा सामान फैला हुआ है। दो जून को उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। लेकिन पुलिस ने 12 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया।

# अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नौली



रोड पर ढाबे के पीछे जसवन्त सिह पुत्र आला सिंह निवासी सिरसा नहर बरा थाना पुलभट्टा ऊ0सि0नगर के कब्जे से 44 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई । बरामदगी के आधार पर थाना पुलभट्टा में गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है किच्छा क्षेत्र क्षेत्र नशे का गढ़ बनता जा रहा है जिसमें चरस गांजा कच्ची शराब इसमें एक नशे के इंजेक्शन आदि नशीली पदार्थो की बिक्री नशा तस्करों द्वारा की जा रही है पुलिस द्वारा की जा रहे भरसक प्रयास के बावजूद भी तस्कर अपने काम को अंजाम देने में मशगूल हैं। नशे के विरूद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कृषकों को 2750 तेजपात के पोधों का वितरण किया

चम्पावत(उद संवाददाता)। अपनी विशिष्ट व औषधिय गुणों के साथ साथ स्वाद, सुगंध के लिए पहचाने जाने वाला तेजपात जनपद के लोगों की आर्थिकी मजबूत करने के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध कराएगा। सरकार द्वारा ग्रमीणों की आर्थिकी को मजबूत बनाये जाने हेतु लगातार अभिनव प्रयास किया जा रहे हैं। इसी क्रम में भेषज विकास इकाई द्वारा एमबीएडीपी योजना अंतर्गत समय समय पर जनपद के ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं व तोको में तेजपात के पौधों का वितरण किया जा रहा हैं। भेषज इकाई द्वारा विकास खण्ड लोहाघाट के ग्राम मिटयानी में 60 कृषकों को 2750 तेजपात पौधे, ग्राम रौशाल में 50 कृषकों को 2400 पौधें, ग्राम पंचायत ढोरजा में 60 कृषकों को 2750 तेजपात के पोधों का वितरण किया। जिला भेषज समन्वयक कमलेन्द्र यादव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रो में तेजपात के पौधों के रोपण से आने वाले समय में कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा उनकी आर्थिकी भी मजबूत होने के साथ साथ इससे अन्य को भी रोजगार उपलब्ध होगा। वितरण के समय देव सिंह, भगवत शाह व संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# टांडा उज्जैन में मेगा हेल्थ कैंप 15 अगस्त को

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन इलाके में अलीगंज रोड पर बैंक ऑफ इंडिया के समीप खुले डॉ लाल पैथ लैब मैं आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रोगियों के स्वास्थ्य की जांच को लेकर मेघा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए डॉ लाल पैथ लैब के स्वामी अनिल कुमार ने बताया कि पैथोलॉजी सेंटर में होम कलेक्शन पूरी तरह फ्री के रखा गया है। उन्होंने बताया कि मेगा हेल्थ कैंप में रोगियों के शुगर हीमोग्लोबिन कोलेस्ट्रॉल व कैल्शियम आदि की जांच की व्यवस्था की गई है। यह कैंप अलीगंज रोड पर प्रात: 8:00 बजे से शाम के 7:00 बजे तक रोगियों के सुविधा अनुसार संचालित किया जाएगा। 15 अगस्त को स्वतंत्र दिवस के मौके पर लगने वाले इस कैंप को लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। डॉ लाल पैथ लैब के प्रोपराइटर अनिल कुमार ने बताया कि अब तक दर्जनों रोगियों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लाल पैथ लैब में बेसिक हेल्थ चेक अप संबंधित 29 जांचें तथा फुल बॉडी हेल्थ चेकअप संबंधी 63 जांचों की विशेष सुविधा भी रोगियों के लिए रखी गई है। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त की कैंप की बाद अगले सप्ताह पांच दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में तीन पोकलैंड व चार जेसीबी मशीन लगायी

## जिला प्रशासन ने की सभी आपदा प्रभावितों को आर्थिक सहायता और खाद्य खाद्यान सामग्री वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी ने आपदा से क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के सम्बन्ध में समस्त विभागों को दैवीय आपदा के मानकों के तहत उनकी क्षतिग्रस्त परिसम्पतियों के आंगणन तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जनपद में 12 अगस्त तक कुल - 307 परिवार, को आर्थिक धनराशि रू 14.81 लाख का वितरण किया गया। जिसमें तहसील हल्द्वानी- 114 परिवारों को धनराशि रू 7.25 लाख, तहसील नैनीताल के 79 परिवारों, को धनराशि रू 3.95 लाख, तहसील कालाढूंगी के 20 परिवारों को धनराशि रू 1.00 लाख,तहसील लालकुआं के 03 परिवारों को धनराशि रू 0.15 लाख तथा तहसील रामनगर के 91 परिवारों को, धनराशि रू 2.23 लाख, 01 आंशिक कच्चा भवन क्षति धनराशि रू0 0.04 लाख, तथा मुर्गी के चूजों की क्षति पर राहत धनराशि 0.07 लाख की धनराशि का वितरण किया गया।तहसील हल्द्वानी में 121 तथा तहसील नैनीताल में 146 प्रभावितों को राशन किटों तथा 08 परिवारों को बर्तन व अन्य सामग्री दी गई। वर्तमान में हल्द्वानी के 4 परिवार एवं नैनीताल के 25 परिवार राहत शिविरों में निवासरत हैं।ईई सिंचाई अमित बंसल ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में सिंचाई विभाग द्वारा 03 पोकलैंड व 04 जेसीबी मशीन से सफाई व चौनलाइजशन का कार्य जारी है। 02 पोकलैंड मशीन कलसिया नाले में, 01 पोकलैंड व 02 जेसीबी मशीन रकसिया नाले में, 01 जेसीबी मशीन गौला बैराज, 01 जेसीबी मशीन प्रेमपुर लोशानी तथा 01 जेसीबी मशीन से सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे की फीडर कैनाल में सफाई का कार्य जारी है। ई ई जल संस्थान रवि शंकर लोशाली ने बताया कि आज शिवपुरी दमवादूँगा, पनचक्की क्षेत्र और हाइडल गेट में पानी की आपूर्ति बहाल हो गई है जिससे क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिल रही है। जल स्त्रोत कलसिया गधेरे की मरम्मत का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इस जलस्त्रोत से काठगोदाम क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि जब तक स्त्रोत पूरी तरह पुनः बहाल नहीं हो जाता तब तक टैंकर के माध्यम से लोगों को पानी की आपूर्ति का कार्य जारी है। इसके साथ ही कलसिया, हल्द्वानी व काठगोदाम में पेयजल आपूर्ति बहाल किये जाने हेतु तात्कालिक रूप से पीवीसी पाइपों के माध्यम से आपूर्ति सुचारू की गई। इसके साथ ही ज्योति साह के व्यक्तिगत पेयजल क्षतिग्रस्त हो जाने पर टैंकर के माध्यम से भी पेयजल आपूर्ति की गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा सूखी नदी में चौनलाइजशन का कार्य भी शुरू किया जा चुका है। समस्त प्रभावितों को आर्थिक सहायता व राहत किट मिल जाए इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा डोर टू डोर निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी तहसील क्षेत्रअंतर्गत समस्त प्रभावितों को आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने बताया कि कमल मुनि जी की 'मंगल अभियान संस्था' द्वारा आवश्यक बर्तन एवं 'थाल सेवा संस्था' द्वारा एक महीने की राशन सामग्री प्रशासन की अपील पर उन परिवारों को दी गई जिनके घर पूरी तरह से आपदा के समय कलसिया में समाहित हो गए थे ।वहीं तहसील कालाढूंगी के आपदा प्रभावित ग्रामो ध नपुर, बंदरजुडा, बैलपड़ाव, रतनपुर और तहसील नैनीताल के डॉन परेवा क्षेत्र का सम्बन्धित उपजिलाधिकारी व तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया। तहसीलदार नैनीताल मनीषा ने बताया कि प्रभावित परिवारों को पूर्व में अनुमन्य सहायता वितरित की जा चुकी है। कुछ प्रभावित परिवारों को खाद्यान सामग्री भी वितरित की गयी।







## कार सेवकों ने धार्मिक डेरा कार सेवा में यात्री सराय का डाला लेंटर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। धार्मिक डेरा कर सेवा के प्रमुख बाबा तरसेम की मौजूदगी में खटीमा, पीलीभीत, मंझोला, खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर, नानकपुरी टांडा, के कार सेवकों ने बाबा टहल सिंह यात्री सराय का सतनाम



वाहेगुरु का जाप करते हुए लेंटर डाला। कार सेवकों के लिए धार्मिक डेरा कार सेवा के लंगर हॉल में गुरु का टूट लंगर बताया गया। इस मौके पर दिलबाग सिंह लखविंदर सिंह गुरसेवक सिंह गुरप्रीत सिंह मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह सुखविंदर सिंह मुख्तार सिंह दारा सिंह,नरवैल सिंह संधू, मनिंदर गुलाटी, आदि महिलाएं मौजूद थी।

## आनंद कारज एक्ट लागू होने पर सीएम का जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदेश में सिख समुदाय की पुरानी मांग आनंद कारज एक्ट लागू करके एक महान कार्य किया है। उक्त



जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक जसवीर सिंह बठला ने बताया कि अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष स. इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा पहल करते हुए आनंद कारज एक्ट लागू करवाने में मुख्य भूमिका का निर्वाह किया गया है उन्होंने समस्त सिख समुदाय और स. इकबाल सिंह को शुभकामनाएं देने के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है ।

## पंचप्रण की प्रतिज्ञा के साथ किया पौधारोपण

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत गिरधर नगर मेंष्मेरी माटी मेरा देशष कार्यक्रम के अन्तर्गत पंच प्रण की प्रतिज्ञा करने के अलावा पौधारोपण भी किया गया। ग्राम प्रधान चंचल रानी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए कार्यक्रम में मेरी माटी मेरा देश पर वक्ताओं ने विचार रखे । कार्यक्रम का संचालन ग्राम संगठन अध्यक्ष कुसुम



रानी ने किया। गदरपुर ब्लॉक के ग्राम विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश मल्ल की देख रेख में समस्त कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में रश्मि रावत, उषा रानी,सुमन,दिव्या, कमलेश रानी,पुष्पा,राधा,किरण, अंजू,भावना, संगीता,आरती, मीरा,पूनम,मीनू,मेनका सभी समूहों की महिलाएं उपस्थित रही।

## दलजीत सिंह खरबंदा को सैकड़ों लोगों ने दी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर के प्रमुख शख्सियत लक्की खरबन्दा के अग्रज स्वर्गीय दलजीत सिंह खरबन्दा की अंतिम अरदास में गुरुद्वारा सिंह सभा गोल मार्किट में सैंकड़ो लोगो ने शिरकत कर समाजसेवी सरदार दलजीत सिंह खरबन्दा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा मे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जसपाल सिंह भट्टी , स्टेज सेक्रेटरी मंजीत सिंह मक्कड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठकराल, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एडवोकेट महेश बब्बर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, गुरमीत सिंह बिल्ला, राजकुमार कटारिया, सुरमुख सिंह विर्क,ओमैक्स सोसायटी के सचिव पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष,अभिनव छाबड़ा,विजय भूषण गर्ग , सुरेंद्र सिंह ग्रोवर,जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य नवीन चन्दोला तथा जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चंद्र छाबड़ा समेत सैंकड़ो लोग मौजूद थे ।

## थाने में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

गदरपुर (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के आदेशानुसार देश मे चल रहे सबसे बड़े अभियान 'मेरी माटी,मेरा देश' के तहत थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजेश पांडेय के निर्देशन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हाथों में लेकर समस्त पुलिसकर्मी एवं आमजनमानस में भारतमाता की जय के जोरदार जयघोष किया। थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने माटी हाथों में लेकर नशा मुक्त, अपराध मुक्त उत्तराखंड के सपने को साकार करने का संकल्प लिया।उन्होंने कहा मेरी माटी मेरा देश अभियान हमारे देश के सुर वीरों को



वंदन करने एवं हमारे देश के मान सम्मान को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है जिसमें हर भारतवासी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अपने देश के गौरव के लिए सदैव समर्पित रहना चाहिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष राजेश पांडे सकैनिया चौकी इंचार्ज भूपेंद्र कुमार महतोष चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश,गुलरभोज चौकी इंचार्ज राकेश कठायत,कस्बा इंचार्ज महेश चंद, पूरन तोमर,बसन्त कुमार, कुसुम रावत, सहित कॉस्टेबल मोहन भट्ट, दर्शन सिंह,बलवंत सिंह,दीपक जोशी, गणेश प्रसाद, उमेश जोशी, जीवन कुमार, गौरखनाथ,सहित पुलिसकर्मी नगरवासी उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**मोदी ने देश में खड़ा किया....** किया है। शाह ने कहा, आजादी के 75 साल से 100 साल तक की यात्रा भारत को महान बनाने पर टिकी होगी। उन्होंने कहा कि 1857 से 1947 तक युवा पीढ़ी ने आजादी के आंदोलन का नेतृत्व किया और देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त किया। उसी तरह 2023 से 2047 तक भारत को महान देश बनाने के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। 15 अगस्त 2022 को एक भी घर ऐसा नहीं था, जहां पर तिरंगा न फहराया गया और कोई सेल्फी न लिया हो। इस बार भी 13 से लेकर 15 अगस्त तक आप अपने घरों में तिरंगा फहराएं और अपनी फोटो इंटरनेट पर अपलोड करें।

**मनमर्जी से सड़क खोदने...** विभाग, नगर निगम / नगर पालिका / नगर पंचायतें उन सड़कों का निर्माण अंडर ग्राउण्ड केविल, पाईप लाईप डाले जाने के उपरान्त ही कराते । किन्तु आपसी तालमेल न होने से विषम स्थितियां पैदा हो जाती हैं और नई-नई सड़कों को खोद दिया जाता है और जिन्हें लम्बे समय तक फिलिंग करके उनका पुर्ननिर्माण भी नहीं किया जाता है। इससे एक तरफ आम जन मानस को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और वहीं दूसरी ओर सड़कों के पेंच वर्क कराने से मजबूती भी नहीं रहती है। डीएम ने सभी तथ्यों के दृष्टिगत यह आदेश किया है कि अंडरग्राउण्ड पाईप लाईन / केबिल आदि बिछाने वाली एजेन्सियां समय से अपना प्रस्ताव सम्बन्धित स्थानीय प्राधिकारी यथा लोक निर्माण विभाग, नगर निगम / नगर पालिका / नगर पंचायतों को उपलब्ध करा एवं उसकी एक प्रति सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को भी उपलब्ध करा उप जिलाधिकारी सम्बन्धित विभागों की आख्या प्राप्त कर और उपरोक्तानुसार आने वाली विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए नोडल अधिकारी के रुप में अनापत्ति प्रदान करेंगें, यदि कोई विभाग उपरोक्तानुसार अपनी कार्य योजना को समय से प्रस्तुत नहीं करता तथा नवनिर्मित सड़क पर खुदान आदि के लिए अनुमति मांगता है व उनके द्वारा सड़क खोदी जाती है तो नई सड़क के निर्माण में आने वाला अतिरिक्त व्यय भार सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार मानतें हुए उनके उपर अधिरोपित किया जायेगा, जिसके लिए वो स्वयं उत्तरदायी होंगें। उक्त के अतिरिक्त सम्बन्धित उप जिलाधिकारी पृथक से सभी आपत्ति हेतु प्रस्तुत आवेदन / प्रस्तावों का ब्यौरा रजिस्ट्रर में रक्षित करेंगें तथा आवेदन पत्रों का सम्बन्धित विभाग से परीक्षण आख्या प्राप्त करते हुए 15 दिवस के भीतर निस्तारण करना सुनिश्चित करायें।

**पांच लाख और..**मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना को पीड़िता चुपचाप सहती रही लेकिन जब पानी सिर से ऊपर गुजरा तो उसने इस बात की शिकायत मायके वालों से की। पिता ने पुलिस को बताया कि बीते 15 जनवरी को उपरोक्त सभी ससुराल वालों ने एक राय होकर उसकी बुरी तरह पिटाई की। पीड़िता को लगा कि उसके साथ आरोपी ससुराल वाले अनहोनी घटित कर सकते हैं। उसने तत्काल मायके वालों को इसकी सूचना दी। अगले दिन 16 जनवरी को मायके वाले पीड़िता के ससुराल पहुंच गए। ससुराल वालों ने पीड़िता के परिजनों से भी गाली गलौज की और दहेज की खातिर पीड़िता को एक कपड़े में धक्के मार कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**पड़ोसी युवक ने...** है कि युवक और उसके परिजनों ने लड़की को बिलासपुर ले जाकर उसका गर्भपात करवा दिया। इधर इस संदर्भ में जब रम्पुरा चौकी प्रभारी से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने चौकी में ऐसी किसी भी शिकायत आने से अनभिज्ञता जताई। उन्होंने कहा कि यदि उनके सामने ऐसा कोई भी मामला आयेगा तो उस पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

**डीएम ने फसलों की ...**को नोडल अधिकारी नामित करते हुए न्यापंचायत स्तर पर समिति का गठन किया है। समिति द्वारा न्यायपंचायत स्तर पर फसल क्षति का सर्वेक्षण कर निर्धारित प्रारूप पर अपनी संयुक्त रिपोर्ट प्रतिदिन विकासखण्ड प्रभारी, कृषि को उपलब्ध करायेंगे तथा विकासखण्ड प्रभारी, कृषि नोडल अधिकारी ( तहसीलदार) के हस्ताक्षर से सर्वेक्षण की संयुक्त रिपोर्ट मुख्य कृषि अधिकारी को उपलब्ध करायेंगे । न्यायपंचायत स्तर पर गठित समिति में सम्बन्धित न्यायपंचायत के कृषिप्रभारी, सम्बन्धित प्रभारी उद्यान सचल दल केन्द्र, सम्बन्धित गन्ना प्रयवेक्षक, सम्बन्धित राजस्व ग्राम /पटवारी क्षेत्र के उप राजस्व निरीक्षक तथा सम्बन्धित ब्लाक कोडिनेटर, क्षेमा जनरल इंश्योरेंश लि० को शामिल किया गया है।

**ग्राहक सेवा केंद्र में...**के लिए दो टीमें गठित की गई। पुलिस ने नगर में सीसीटीवी कैमरे और मोबाइल लोकेशन के आधार पर चोरी का खुलासा करते हुए ग्राम दहला निवासी गुरमेज सिंह उर्फ काका को 62000 की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया।

**सुपरस्टार रजनीकांत ने ..**बदरीनाथ के अंगवस्त्र और तुलसी माला भेंट की। रजनीकांत की एक झलक पाने और उनके साथ फोटो खिंचवाने के लिए प्रशंसक उत्सुक दिखे। इस मौके पर नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित, थाना बदरीनाथ के कोतवाल केसी भट्ट आदि मौजूद रहे। रात्रि प्रवास के बाद रविवार को सुबह बदरीनाथ के महाभिषेक में भी रजनीकांत ने प्रतिभाग किया।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मरीजों के जीवन के साथ हो रहा खिलवाड़

## जिले में बिक रही कटिंग की नकली दवाईया,सरकार के राजस्व में पहुंचायी जा रही करोड़ों की चोट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अमीर ही नही बल्कि गरीब मरीज और तीमारदार की मंशा रहती है कि वह चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाईयां को अच्छे ब्रांडेड कम्पनी की खरीद कर खाये और शीघ्र ही बीमारी को अलविदा कह दे। लेकिन आज समाज में बैठे सफेदपोश लोग किस तरह मरीजों और उनके परिजनों की भावनाओं से खेल रहे है इसका अंदाजा भी नही लगाया जा सकता। ब्रांडेड कम्पनियों के नाम की मंहगी-मंहगी दवाईयों को बहुत ही कम दामों पर खरीद कर उन्हे मंहगे दामों पर मरीजों को बेचे जाने का धन्धा धड़ल्ले से मेडिकल स्टोरों पर चल रहा है। इस तरह के कारोबार से जहां एक ओर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है तो वही दूसरी और सरकार को भी कर चोरी कर करोड़ों के राजस्व की चोट पहुंचायी जा रही है। जानकारी के अनुसार जिले में स्थित कई थोक एवं फुटकर मेडिकलों द्वारा यह कारोबार बड़ी ही सावधानी के साथ किया जा रहा है। उनके द्वारा बिना बिल के 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक की छूट के साथ दवाईयां खरीदी जाती है और उन्हे अन्य दवाईयों के साथ आगे बेच दिया जाता है। बिना बिल की यह दवाईया उस सीमा तक खरीदी जाती है जितना वह आसानी से निपटा सके। यहां आपको बता दे कि बिना बिल के खरीदी



जाने वाली दवाईयों को कटिंग का माल कहते है। ऐसे कारोंबार की मण्डी दिल्ली, बरेली,मुरादबाद,लखनऊ सहित कई बड़े शहरों में बहुत खूब फलफूल रही है। अधिकांश नगरों में कटिंग के माल की सप्लाई एक शहर में एक व्यक्ति द्वारा ही की जाती है जो उपरोक्त बड़े शहरों से माल लाकर शहर के विभिन्न थोक एवं फुटकर व्यापारियों को एक सीमा तक बेचता है। उसके द्वारा अच्छे-अच्छे ब्रांडेड कम्पनियों की महंगी दवाईयों को बहुत ही कम दामों पर उपलब्ध करा दिया जाता है। कटिंग का माल हुबुहु बिल पर आने वाले माल की तरह ही होता है लेकिन बिल पर न लेने की वजह से माल 70 प्रतिशत छूट के साथ मिल जाता है। उसकी पैकिंग और टेबलेट,इंजेक्शन आदि दवाईयों का रंग रूप बिल्कुल पक्के बिल पर आने वाली दवाईयों की तरह ही होता है। कभी-कभी तो बैच नम्बर भी एक जैसा मिल जाता है। इस कारोबार की तह तक जाने के लिये जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया तो कई चौकाने वाली बाते सामने आई। कुछ लोगों ने बताया कि यह जरूरी नही है कि इन दवाईयों की बिक्री से केवल सरकार को ही राजस्व की चोट लग रही हो, बल्कि यह भी हो सकता है कि यह दवाईयां पूरी की पूरी नकली हो। बहरहाल जिले में कटिंग की दवाईयां बेचे जाने का कारोबार खूब फल फूल रहा है यदि समय रहते इस पर अंकुश नही लगाया गया तो एक ओर जहां मरीजों के जीवन पर संकट गहराता जायेगा तो वही दूसरी तरफ सरकार के राजस्व में भी चोट गहरी होती जायेगी। सरकार और प्रशासन को चाहिये कि इस सम्बन्ध में शीघ्र ही कठोर कदम उठाकर इस पर अंकुश लगाये।

## कटिंग के माल पर होता है खूब मुनाफा

रूद्रपुर। आमतौर पर दुकानदारों को ब्रांडेड कम्पनियों की दवाईयों में कम मुनाफा मिलता है तो वही दूसरी ओर उन्ही ब्रांडेड कम्पनियों के कटिंग के माल में उनका मुनाफा दुगना ही नही बल्कि कई गुणा हो जाता है। ज्यादातर दुकानदार ब्रांडेड कम्पनियों की मंहगी दवाईया और इंजेक्शन ही कटिंग के माल में खरीदते है। जो उन्हे 40 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक की छूट के साथ मिल जाती है जिससे उनका मुनाफा कई गुणा बढ़ जाता है। ब्रांडेड कम्पनियों के महंगे इजेक्शन जिनकी एमआरपी हजारों में होती है वह कटिंग के माल में केवल 1000-1500 रूपये तक में मिल जाता है। ऐसा ही हाल इंसुलिन,एण्टीबायटिक सहित महंगी-महंगी अन्य जीवन रक्षक दवाईयों में है।

## जांच का विषय कि सिर्फ राजस्व चोरी या फिर नकली दवा!

रूद्रपुर। नगर में बिक रही कटिंग की दवाईयों के कारोबार से सिर्फ सरकार को ही राजस्व की चोट पहुंचायी जा रही है या फिर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ किया रहा है, यह जांच का विषय है। यदि सरकार और प्रशासन इस पर सख्ती दिखाये तो तस्वीर काफी हद तक साफ हो सकती हैं। बाजार में उपलब्ध दवाईयां कौन सी बिल पर खरीदी गई है और कौन सी बिना बिल पर आई है। इसका पता ऊपरी तौर पर आम जनता नही लगा सकती, यदि सख्ती से इसकी जांच हो तभी इसका पता लगाया जा सकता है। इस मामले में प्रशासन सख्त रवैय्या अपनाये तो जहां एक ओर सरकार को राजस्व की हो रही चोट पर लगाम लग सकता है तो वही दूसरी और मरीजों को भी दवाईयां सही मिल सकती है।

## मेडिसन के बिल मांगकर कटिंग के माल पर लग सकता है अंकुश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मेडिकल स्टोर्स से मेडिसन खरीदने वाले मरीज और उनके तीमारदार दवाईयां खरीदते समय अपना बिल लेना शुरू कर दे तो काफी हद तक इस कारोबार पर चोट लग सकती है। लेकिन मरीज और तीमारदार जल्दबाजी में बिल नही मांगते और उसका लाभ दुकानदार उठाते है। मेडिकल स्टोर्स द्वारा जो दवाईया बिना बिल के मंगायी गई है उन दवाईयों का बिल दुकानदार द्वारा कभी भी नही दिया जायेगा। इसलिये दवाईयां खरीदते समय ग्राहकों द्वारा हमेश अपनी दवाईयां का बिल मांगना चाहिये ताकि वह नकली दवाईयों के सेवन से बच सके। यदि ग्राहकों द्वारा अपनी सभी मेडिसिन का बिल मांगा जाने लगा तो धीरे-धीरे इस कारोबार पर अंकुश लगना तय है।

गुरू मां
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338